दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 6 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-69

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रिश्वतखोरी के आरोपों के चलते उपराष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

क्विटो (आरएनएस)। इक्वाडोर की उपराष्ट्रपति मारिया एलेजेंड्रा विकुना ने रिश्वतखोरी के आरोप लगने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है। उनपर एक पूर्व सहयोगी ने रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। यह मामला उस समय का है जब वह सांसद थीं। विकुना ने ट्विटर पर गुरुवार को पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दक्षिण अमेरिकी देश को इस संकट के कारण 'अस्थिरता' में नहीं झोंका जाना चाहिये। उन्होंने यह घोषणा राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो के उनसे दूरी बनाने और उन्हें पद से निलंबित करके उन्हें आरोपों का मुकाबला करने के लिये वक्त देने के बाद की।

### नाव डूबने से 15 अवैध प्रवासियों की मौत

त्रिपोली (आरएनएस)। लीबिया की राजधानी त्रिपोली से 250 किलोमीटर दूर के देश के पश्चिमी तट पर नाव डूबने से उसमें सवार 15 अवैध प्रवासियों की मौत हो गयी। लीबिया रेड क्रॉस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### छुट्टी मनाने गए दो युवकों की गोवा में हुई मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। गोवा में छुट्टियों मनाने गये शहर के दो युवकों की गोवा में सड़क हादसे में मौत हो गई है। युवकों के परिजन गोवा के लिये रवाना हो गये हैं। इस घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार सकरी के नेचर सिटी निवासी करुणा कर पांडे और आनंद पांडे अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने गोवा गये हुये थे। जहां युवकों ने गोवा घूमने के लिये किराये की बाइक लेकर घूमने निकल पड़े। जहां एक वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे दर्दनाक सड़क हादसे में दोनों युवकों को घायल अवस्था में गोवा के हास्पिटल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी सकरी पुलिस को मिली। पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी। जहां परिजन गोवा के लिये रवाना हो गये हैं।

### उमा भारती भी नहीं लड़ेगी लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री उमा भारती ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह 2019 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे पहले विदेश मंत्री सुषमा स्वराज चुनाव न लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

### सरकार ने 10 दिसंबर को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**संसद के शीतकालीन सत्र**

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र को मद्देनजर रखते हुए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक 10 दिसंबर को आयोजित होनी है। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल रहेंगे।

### चोरी किए जा रहे सिग्नेचर ब्रिज के नट और बोल्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सिग्नेचर ब्रिज खुले अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन उससे जुड़ी खबरों का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा। सेल्फी के लिए स्टंट में तीन लोग इस ब्रिज पर जान गंवा चुके हैं और अब ब्रिज को नुकसान पहुंचाने की खबरें आ रही हैं, जिससे ब्रिज पर सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### योगी सरकार को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**बुलंदशहर हिंसा**

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी के बुलंदशहर में कथित गोकशी को लेकर हुई हिंसा के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है।

## देश का हैवी सैटलाइट जीएसएटी-11 फ्रेंच गयाना से हुआ लांच

### अब इंटरनेट स्पीड में क्रांति

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के सबसे वजनी सैटलाइट यानी जीएसएटी-11 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया गया।



5,854 किलोग्राम के इस सैटलाइट को बुधवार सुबह यूरोपियन स्पेस एजेंसी फ्रेंच गयाना से लॉन्च किया गया। यह एक कम्युनिकेशन सैटलाइट है, जो देश में इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने में मदद करेगा। यह सैटलाइट इतना बड़ा है कि प्रत्येक सोलर पैनल चार मीटर से ज्यादा लंबे है, जो कि एक बड़े रूम के बराबर है।

पहले इस सैटलाइट को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया जा रहा था, लेकिन सिस्टम में तकनीकी कमी के शक के चलते भारतीय स्पेस एजेंसी ने इसे चेक करने के लिए फ्रेंच गयाना से अप्रैल में वापस मंगवा लिया। यह फैसला जीएसएटी-6ए की असफलता को देखते हुए भी लिया गया था। दरअसल अप्रैल के आसपास ही जीएसएटी-6ए अनियंत्रित हो गई थी और 29 मार्च को इसके लॉन्च होने के तुरंत बाद ही संपर्क टूट गया। ऐसे में जीएसएटी-11 को उस वक्त लॉन्च न करने का फैसला किया गया। कई तरह के परीक्षण और जांच के बाद अब जाकर जीएसएटी-11 को लॉन्च कर दिया गया है।

### रिश्वत : राजस्व विभाग की महिला अधिकारी सस्पेंड

रायपुर। रिश्वतखोरी के एक प्रकरण में फंसी राजस्व विभाग की महिला अधिकारी को आखिरकार जांच-पड़ताल के बाद सस्पेंड कर दिया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्यवाही की चपेट में आई महिला अधिकारी का नाम सरिता मढ़रिया है जो कि दुर्ग जिले के अहिवारा के उप तहसील कार्यालय में पदस्थ थी।

सरिता मढ़रिया का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब तेजी से फैला था, जिसमें वो एक व्यक्ति से एक हजार की रिश्वत लेती हुई नजर आ रही है।

## अगुस्ता वेस्टलैंड मामले में भारत को बड़ी कामयाबी

### बिचौलिए मिशेल को भारत ला रहीं एजेंसियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगुस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में भारत को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 3,600 करोड़ रुपये के इस वीवीआईपी चॉपर सौदे के कथित बिचौलिए और ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल को भारत लाने की पूरी तैयारी हो गई है। भारत की जांच एजेंसियां मिशेल को मंगलवार को दुबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट ले गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वहां से उन्हें भारत लाया जाएगा।



नवंबर में कसेशन कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए मिशेल के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक 54 वर्षीय मिशेल को दुबई एयरपोर्ट ले जाया गया है और वहां भारत लाया जाएगा। भारत ने 2017 में खाड़ी देशों से उनके प्रत्यर्पण की मांग की थी। सीबीआई और ईडी इस मामले में उनपर आपराधिक मामले के तहत जांच कर रहे थे।

ईडी ने जून 2016 में मिशेल के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। इसमें कहा गया था कि उसने अगस्ता वेस्टलैंड से करीब 225 करोड़ रुपये प्राप्त किए। ईडी ने कहा था कि यह पैसा और कुछ नहीं, बल्कि कंपनी द्वारा 12 हेलीकॉप्टरों के समझौते को अपने पक्ष में कराने के लिए वास्तविक लेन-देन के नाम पर दी गई रिश्वत थी। फरवरी 2017 में उसे यूएई में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। मिशेल के वकील ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उनके क्लाइंट पर दबाव बना रही है। हालांकि जांच एजेंसी ने इन आरोपों से साफ इनकार किया था।

सीबीआई के प्रवक्ता अभिषेक दयाल ने जून में कहा था कि जांच एजेंसी ने मिशेल को अपना गुनाह कबूल करने के लिए प्रभावित नहीं किया। यूएई में तब से भगोड़े के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही जारी थी।

## अंजोरा बाइपास रोड का टोल नाका भारत का ऐसा टोल नाका है जहां बाइक वालों को देना पड़ता है टोल टैक्स

भिलाई (आरएनएस)। भारत देश के छत्तीसगढ़ राज्य में देश का एक मात्र ऐसा टोल नाका है जहां मोटर साइकिल चालकों से जोर जबर्दस्ती कर टोल टैक्स की वसूली की जाती है। मसलन यह होता है कि इस मार्ग पर जाने वाले वाहन चालकों को टोल टैक्स से बचने के लिए अपनी राह भी बदलना पड़ता है। प्रशासन की नाक के नीचे टोल संचालकों की मनमानी जहां एक तरफ छोटे वाहन चालकों खासकर बाइक चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासन को इस मामले की खबर होने के बाद भी टोल प्लाजा के ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न ही की जाती है।




दुर्ग अंजोरा बाइपास मार्ग पर स्थित यह टोल प्लाजा यहां के दबंगई करने वाले कर्मचारियों के नाम से बदनाम है। इस मार्ग से गुजरने वाले मोटरसाइकिल चालकों द्वारा जब टोल टैक्स के मामले में पूछा जाता है तो यहां के कर्मचारी सिर्फ यही हवाला देते हैं की हमारे प्रबंधक के आदेश के विपरीत हम नहीं जा सकते उनके आदेशों का पालन कर रहे हैं। बताया जाता है कि देश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक टाटा कंपनी द्वारा इस टोल प्लाजा का संचालन किया जाता है। टाटा कंपनी देश की एक मात्र ऐसी कंपनी है जिस पर हर भारतीयों को पूरी दुनिया में गर्व है। मसलन देश का ऐसा कंपनी जो मोटर साइकिल चालकों से टोल टैक्स की वसूली कर रहा हो तो यह बात प्रश्नचिन्ह उठाता है।

**सोशल मीडिया में हो रहा वीडियो वायरल**

इन दिनों इस टोल प्लाजा की वीडियो काफी वायरल हो रही है। इस वायरल वीडियो में मोटर साइकिल चालकों द्वारा टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा की जा रही टोल वसूली का फुटेज देखा जा रहा है।

इस वीडियो में टोल कर्मी वाहन चालकों को डरा धमकाकर टोल टेक्स की वसूली करते हुए नजर आ रहे हैं।

## मोदी क्रिसमस दिवस पर करेंगे बोगीबील पुल का उद्घाटन

नयी दिल्ली (आरएनएस)। पीएम नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लंबे रेल-सड़क पुल बोगीबील का 25 दिसंबर को उद्घाटन करेंगे। यह पुल असम के ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तर तथा दक्षिणी तटों को जोड़ता है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक यह पुल 4.94 किलोमीटर लंबा है। इस दिन को सरकार सुशासन दिवस के रूप में भी मनाती है।'' पूर्व पीएम देवगौड़ा ने जनवरी 1997 में बोगीबील पुल की आधारशिला रखी थी लेकिन पूर्व पीएम वाजपेयी द्वारा निर्माण कार्य के शुभारंभ के बाद अप्रैल 2002 में इसका कार्य शुरू हुआ।



विगत 16 वर्षों में इसके निर्माण को पूरा करने के लिये कई बार विभिन्न समय-सीमा तय की गई लेकिन उस अवधि में कार्य पूरा नहीं हो सका। तीन दिसंबर को पहली माल गाड़ी इस पर से गुजरी। उल्लेखनीय है कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश के सीमाई इलाकों में साजो-सामान पहुंचाने में सुधार की योजना तैयार की है और बोगीबील उन्हीं ढांचागत परियोजनाओं का हिस्सा है।



## पुरुषों को देख गंदे इशारे करती थीं महिलाएं

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके से पुलिस ने मंगलवार को 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार, ये महिलाएं सार्वजनकि जगहों पर गंदे इशारे करती हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। इन महिलाओं पर पुलिस को वेश्यावृति का शक है और इन्हें एक घर से गिरफ्तार किया गया, जहां वे किराए पर रहती थी।

सोमवार सुबह 7 बजे पुलिस के पास फोन आया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां आस-पास के लोगों ने बताया कि कुछ लोग उस क्षेत्र में सेक्स रैकेट चला रहे हैं, जिससे वहां के लोगों को परेशानी हो रही है। गिरफ्तार की गई महिलाएं पुरुषों को गंदे इशारे कर रिझाने की कोशिश करती थीं।

## पुरोहित की रिहाई अर्जी पर सुनवाई 13 दिसंबर तक टली

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के मालेगांव ब्लास्ट मामले में कर्नल पुरोहित को अभी राहत मिलती नहीं दिख रही है. हाईकोर्ट ने उसकी रिहाई अर्जी पर सुनवाई 13 दिसंबर तक के लिए टाल दी है. इस मामले में पुरोहित ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अर्जी दी है कि इस मामले से उन्हें अब रिहा कर देना चाहिए.



इससे पहले मुंबई की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने कर्नल पुरोहित द्वारा दायर की गई उस याचिका को ख़ारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने मालेगांव ब्लास्ट मामले से यूएपीए को हटाने की मांग की थी. पुरोहित ने कोर्ट में याचिका कर मांग की थी कि उनके खिलाफ चल रहे मालेगांव ब्लास्ट केस से यूएपीए यानी अनलाफुल एक्टिवीटिज (प्रिवेंशन) एक्ट की धारा को हटाया जाए. कर्नल पुरोहित का दावा था कि उनके खिलाफ लगाई गई यूएपीए की धारा वैध नहीं है. यूएपीए की धारा को इस केस में गलत तरीके से जोड़ा गया है. कोर्ट ने केस में लगे यूएपीए की धारा को वैध मानते हुए कर्नल पुरोहित की याचिका ख़ारिज कर दी.

## नक्सलियों ने की ठेकेदार की हत्या, बोलोरो वाहन को किया आग के हवाले

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला दंतेवाड़ा में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बुधवार को पहुंची। राज्यपाल के प्रवास के दौरान ही नक्सलियों ने एक बड़ी घटना को अजाम दिया है। नक्सलियों ने कमालूर पांडेवार में एक बोलेरो वाहन में आग लगा दी है। इसके अलावा नक्सलियों ने एक ठेकेदार की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है ठेकेदार जिंदल कंपनी का काम ठेके पर करता था।

मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे ठेकेदार आज अपने कर्मचारियों को पेमेंट करने गया था। इसी दौरान नक्सलियों ने उसकी हत्या कर दी है।

साथ ही उसके बोलेरो वाहन में भी आग लगा दी है। घटना फरसपाल थाना क्षेत्र के कमलूर की है। घटना की पुष्टि करते हुए दंतेवाड़ा एसपी ने बताया कि नक्सलियों ने ठेकेदार को फोन करके मौके पर बुलाया था जिसके बाद उन लोगों घटना का अंजाम दिया। हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर फोर्स रवाना हो गई है।

इधर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल आज दंतेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए पहुंची हैं। राज्यपाल ने मंदिर में दर्शन से पहले आंगनबाड़ी केन्द्र का जायजा भी लिया है। राज्यपाल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### 4 किलो वजनी बारूदी सुरंग बरामद

सुकमा (आरएनएस)। पोलमपल्ली में सर्चिंग के दौरान बरामद 4 किलो वजनी आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया। माओवादियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जंगल से चार किलो का आईईडी प्लांट कर लगा दिया था।

## दुनिया में पहली बार हुआ ये करिश्मा, मृत महिला के गर्भाश्य से दूसरी महिला ने दिया बच्चे को जन्म

साओ पॉलो। ब्राजील में डॉक्टरों ने एक करिश्मा कर दिखाया है। वहां एक मृत महिला के गर्भाश्य से दूसरी महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने मृत महिला का गर्भाश्य दूसरी महिला में ट्रांसप्लांट किया, जिसके बाद ये करिश्मा हो पाया। डॉक्टरों के अनुसार ऐसा दुनिया में पहली बार हुआ है। इससे पहले भी मृत महिला के गर्भाश्य ट्रांसप्लांट के जरिये ऐसा करने की कोशिश की गई, लेकिन उसमें डॉक्टरों को सफलता नहीं मिली थी।

**मृत महिला का गर्भाश्य दूसरी महिला में हुआ ट्रांसप्लांट**

द लांसेट मेडिकल जर्नल में छपी खबरों के अनुसार शोध का नेतृत्व साओ पॉलो यूनिवर्सिटी की डॉक्टर डानी इजेनबर्ग ने बताया कि ट्रांसप्लांट सितंबर 2016 में किया गया था जब महिला की उम्र 32 वर्ष थी। डोनर (मृत महिला) के गर्भाश्य को महिला की वेन्स से जोड़ा गया और आर्टरीज, लिगामेंट्स और वजाइनल कनाल को लिंक किया गया। अपना गर्भाश्य दान देने वाली मृत महिला की उम्र 45 वर्ष थी। दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था।



**सिंड्रोम के कारण बिना गर्भाश्य के हुई थी पैदा**

वहीं जिस महिला का गर्भाश्य ट्रांसप्लांट किया गया, वो सिंड्रोम के कारण बिना गर्भाश्य के पैदा हुई थी। डॉक्टर के अनुसार गर्भाश्य ट्रांसप्लांट के पांच महीने बाद ही महिला के सभी टेस्ट नॉर्मल आ रहे थे। उनका अल्ट्रासाउंड नॉर्मल था और उन्हें मेंस्ट्रूएशन भी समय पर हो रहा था। इसके बाद महिला के पहले से फ्रीज किए हुए एग्स को ट्रांसप्लांट के सात महीने बाद इंप्लांट किया गया और 10 दिन बाद उनकी प्रेगनेंसी कंफर्म हो गई।

## मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग की बैठक कल

### बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर होंगे शामिल

रायपुर (आरएनएस)। 11 दिसंबर को होने वाले मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने कल 6 दिसंबर को एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश के सभी 27 जिलों के कलेक्टर को शामिल होने बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग सुब्रत साहू की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में आयोग के अन्य कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जानकारी के अनुसार इस बैठक में आयोग द्वारा सभी कलेक्टरों को 11 दिसंबर को होने वाले मतगणना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## चेक बाउंस मामले में टीचर को छह माह की जेल

जगदलपुर (आरएनएस)। पूर्व परिचित ज्वेलर्स से पारिवारिक जरूरतों का हवाला देकर 29 हजार रूपए उधार लेकर न चुकाने वाले लामकेर झारातराई के शिक्षक कविनाथ को सीजेएम ने 6 महीने का साधारण कारावास सुनाया।



अभियोजन के मुताबिक मेन रोड सोनारपाल निवासी सज्जनराज जैन से आरोपी शिक्षक कविनाथ ने 29 हजार रूपए लिए थे। पारिवारिक जरूरतों का हवाला देते हुए यह रकम शिक्षक ने ली थी और वापस लौटा देने का वादा करते हुए गारंटी के बतौर 22 अक्टूबर 2011 की तारीख का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की जगदलपुर शाखा का चेक दिया था।

यह तारीख गुजर जाने के बावजूद जब शिक्षक ने रकम नहीं लौटाई तब व्यवसायी सज्जन एंड संस के संचालक और शांतिनाथ ज्वेलर्स के प्रोपराइटर ने 31 जनवरी 2012 को चेक एसबीआई की बस्तर शाखा में जमा कर दिया, जो आनादरित हो गया।